## खबर संक्षेप

### पंचर खड़ी गाड़ी में कार ने मारी टक्कर



**मैहर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर पंचर खड़ी गाड़ी में पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार की टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में दुर्घटना में हुए नुकसान की भरपाई को लेकर विवाद होने के लगा। विवाद होता देख आस पास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। दोनों पक्षों के आपसी समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि गुरुवार की दोपहर 2 बजे के आसपास मैहर में रीवा रोड पर ग्राम बरहिया के पास एक बुलेरो गाड़ी पंचर खड़ी थी जिसमें कुछ लोग भी बैठे हुए थे और पंचर टायर को बदला जा रहा था कि तभी पीछे से आ रही कार में तेज रफ्तार कार ने बुलेरो गाड़ी में टक्कर मारते हुए कुछ दूर पर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना के बाद दोनों पक्षों में विवाद होने लगा जिसके बाद स्थानीय लोगों की समझाइश से मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि बुलेरो गाड़ी में टक्कर मारने वाली गाड़ी में अनिल सिंह और उनका परिवार था जोकि कटनी से रीवा जा रहा था। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष बने संजय



**सतना।** वैश्य महासम्मेलन मप्र के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने संजय अग्रवाल को सतना वैश्य महासम्मेलन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। संजय अग्रवाल के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने अपनी इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे वैश्य महासम्मेलन के सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत स्तर पर वैश्य महासम्मेलन को ले जाने का कार्य करेंगे।

### सड़क निर्माण के दौरान फूटी पाइप जेल सहित सड़क में जल भराव

**मैहर।** सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन फूटने से पानी सप्लाई के दौरान पानी का बहाव से सड़कें जल मग्न हो गईं वही मैहर जेल परिसर में भी जल भराव हो गया। जिसकी सूचना मैहर नगर पालिका को दी गई। मामला मैहर जेल रोड से अलाउद्दीन तिराहे का है जहां सड़क निर्माण के लिए खोदाई की गई थी। जिसके बाद गुरुवार की सुबह नगरपालिका के द्वारा पानी की सप्लाई शुरू की गई। इस दौरान फूटी पाइप लाइन से पानी बहना शुरू हो गया देखते ही देखते सड़क जलमग्न हो गई। वहीं फूटी पाइप लाइन का पानी बहते हुए मैहर की जेल परिसर तक पहुंच गया जहां जल भराव की स्थिति देखी गई मौके पर स्थानीय लोगों द्वारा नगर पालिका पाइप लाइन फूटने की सूचना दी गई इस दौरान कई घंटों तक पानी बहता रहा।

### रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्यों का आक्रोश फूटा,सौंपा11 सूत्रीय ज्ञापन

**सतना।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी,जिला शाखा सतना में वर्षों से व्याप्त अनियमितताओं, अपारदर्शिता और लोकतंत्रहीन कार्यप्रणाली के विरोध में आज संस्था के आजीवन सदस्यों का धैर्य टूट गया।

### खराब मौसम के चलते में एक घंटे तक बंद रहा रोपवे हजारों दर्शनार्थी करते रहे इंतजार

# मुंडन मुहूर्त पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां शारदा के दर्शन किए

**मैहर।** गुरुवार की सुबह से ही मैहर मां शारदा मंदिर में भक्तों की भीड़ सामान्य दिन से अधिक देखी गई। हजारों की संख्या में दर्शनार्थी मां शारदा के दर्शन करने पहुंचे थे। वहीं मुंडन मूहर्त के चलते लोगों की भीड़ देखी गई। भोर 05 बजे माता की आरती के बाद दर्शनार्थियों के लिए पट खोले गए। गर्भगृह के पट खुलने के बाद लगातार दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती रही। मुंडन मुहूर्त पर नवजात का मुंडन संस्कार लोग अपनी इच्छा से धार्मिक स्थलों में करते हैं।

#### घंटों बंद रहा रोपवे

मां शारदा देवी मंदिर गुरुवार की सुबह से ही हजारों की संख्या में दर्शनार्थी मैहर दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान



खराब मौसम के चलते रोपवे संचालन बंद रहा अशरफ अली प्रबंधक रोपवे द्वारा बताया गया कि दोपहर 12.20 से 13.25 तक रोपवे बंद रहा और मौसम खुलने के साथ ही दोबारा शुरू किया गया। इस दौरान लगभग आठ सौ से अधिक दर्शनार्थी इंतजार में बैठे रहे।

#### 50 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन किए

विशेष मुंडन मुहूर्त के चलते मैहर काफी ज्यादा भीड़ देखी गई जो कि सीढी,रोपवे एवं सड़क मार्ग से ओमनी गाड़ी से मंदिर पहुंच रहे थे मंदिर प्रशासक/एसडीम विकास सिंह ने बताया कि मुंडन मुहूर्त पर 50 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने मैहर पहुंच कर सुगमता से माता के दर्शन प्राप्त किए।

# हाइवे पर पलटी कार, महिला की मौत, परिजनों ने किया नेत्रदान





**मैहर।** अमरपाटन थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर मंगलवार और बुधवार के दरमियान रात्रि में तेज रफ्तार कार एमपी 15 सीसी 0743 अनियंत्रित होकर पलट गई,इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, वहीं 5 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि डॉ.संजय जैन पुत्र कोमल चंद जैन 49 वर्ष, निवासी दमोह,अपने परिवार के साथ तीर्थयात्रा पर निकले थे। इस भीषण हादसे में 70 वर्षीय क्रांति जैन पति डॉ.धर्मचंद जैन निवासी दमोह,की मौत हो गई,जबकि संजय समेत उनकी मां मीना जैन 69 वर्ष,पुत्री सौम्या जैन 17 वर्ष,पुत्र सम्यक जैन 19 वर्ष और पत्नी आराधना जैन 47 वर्ष,घायल हो गए। पीड़ितों को सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया है। तत्पश्चात उनके पुत्र अमित जैन चौधरी,अतुल जैन चौधरी तथा पुत्रियां अमिता एवं अर्चना जैन ने नेत्रदान करने का निर्णय लिया जिसके बाद नेत्रदान हेतु जिला अस्पताल सतना नेत्र विभाग के डीपीएम डॉ.पुष्पराज सिंह,नेत्र दूत सिंघई राहुल जैन,समाजसेवी नंदन जैन की सूचना पर श्री सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय आई बैंक के सुरेश पटेल ने अमरपाटन पहुंचकर शासकीय चिकित्सालय में नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई। सहयोग करने वालों में रूपेश जैन,चंद्र जैन,आशीष जैन,अनिल जैन,विमल जैन का सराहनीय योगदान रहा। स्वर्गीय क्रांति जैन के इस लोकोपकारी दान से दो लोगों की अंधेरी दुनिया रोशन होगी।

# यात्री निवास दो में लापरवाही और मनमानी का बोलबाला, श्रद्धालुओं की आस्था पर पड़ रही चोट




**मैहर।** मां शारदा देवी की नगरी में श्रद्धा का केंद्र माने जाने वाले शारदा मंदिर प्रबंध समिति के अंतर्गत संचालित यात्री निवास दो की स्थिति इन दिनों स्वयं भक्तों के लिए पीड़ा का कारण बनती जा रही है। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निर्मित यात्री निवास क्रमांक 2 इस समय कुप्रबंधन और मनमानी वसूली का अड्डा बन गया है। जहाँ समिति द्वारा हॉल के एक दिन के हाल का किराए का नियत शुल्क 150 रुपए निर्धारित है वहीं वास्तविकता में कर्मचारी उसी हॉल के लिए 500 तक वसूलने से नहीं चूक रहे। यदि किसी हॉल में 10 से अधिक यात्री होते हैं तो उनसे 20 रुपए प्रति व्यक्ति अतिरिक्त वसूली की जाती है। ऐसा ही आज मामला प्रकाश में आया है जब वह लोग 24 आदमी है और समिति के कर्मचारियों द्वारा वहां पर 30 लोग लिखकर वसूली कर रहे हैं। उनके बोलने पर कर्मचारी बोल रहे हैं कि इतने ही लिखूंगा यदि लेना है लो नहीं लेना है तो बाहर निकल जाओ। रसीद क्रमांक 396 राजेश कुमार गुप्ता से दो हाल का 1000 वसूला गया जो कि निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। जो यात्री इस अनियमितता पर आपत्ति जताते हैं उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि यहाँ पानी नहीं है कमरे खाली नहीं हैं यहां केवल सरकारी अधिकारी रुकते हैं।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर सप्ताह भर चला जागरूकता अभियान



**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत करते हुये समाज में जागरूकता और भागीदारी,सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है, इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ मनाया। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित थीम "प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान" के अंतर्गत कंपनी परिसर में 31 मई से 5 जून तक पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ और वृक्षारोपण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सी एस आर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत 31 मई को फ्लैग मार्च और प्लास्टिक जागरूकता रैली से हुई,जिसमें कर्मचारियों,कॉलोनीवासियों और बच्चों ने हिस्सा लिया। प्लास्टिक फ्री जोन के लिए जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक,स्लोगन लेखन और हस्ताक्षर अभियान जैसे प्रयास किए गए। द्वितीय दिवस 1 जून को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें महिला कर्मचारियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पर्यावरण विभाग द्वारा प्लास्टिक हटाने और हरे क्षेत्र के विकास के लिए जूट बैग वितरित किए गए। 2 जून को जल संरक्षण दिवस मनाया गया,जिसमें जल बचाने के सरल उपायों और जल संकट की गंभीरता को रेखांकित किया गया। कॉलोनी और प्लांट में वर्षा जल संचयन के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए। सप्ताह के चौथे दिन 3 जून को "नो व्हीकल डे" का आयोजन हुआ,जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहनों का प्रयोग न कर पर्यावरण अनुकूल व्यवहार को अपनाया। 4 जून को जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई,जिसमें पर्यावरणीय प्रयासों और व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यशाला में सभी विभागों से प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। सप्ताह के अंतिम दिन 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लांट एवं माइंस एरिया में वृक्षारोपण और "ग्रीन कमिटमेंट" शपथ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बच्चों एवं महिलाओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता,स्लोगन कंपटीशन और क्विज का आयोजन किया गया। पर्यावरण सप्ताह समापन के अवसर पर प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह ने अपने विचर व्यक्त करते हुये कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी को यह याद दिलाता है कि प्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। आइए हम सब मिलकर जल,वायु और हरियाली की रक्षा का संकल्प लें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक स्वच्छ और सुंदर पृथ्वी का अनुभव कर सकें। इसी कार्यकक्रम में मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी एकमात्र आश्रयस्थली है और इसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव,मनोज कश्यप, ओमप्रकाश वर्मा, मनीष प्रसाद,सुमिताभ द्विवेदी,बिहारी सिंह शेखावत, अंकिता परिहार,रीमा तिवारी,रुद्रप्रताप सिंह एवं विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।



# सतना नगर निगम को मध्य प्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार 2023-24 से किया गया सम्मानित

**सतना।** भोपाल में आयोजित एक गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा सतना नगर निगम को "मध्य प्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार वर्ष 2023-24" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सतना नगर निगम को तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन,सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रभावी उपलब्धता तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इस सम्मान को महापौर योगेश ताम्रकार ने स्वयं मुख्यमंत्री से प्राप्त किया। उन्होंने इस अवसर पर समस्त सतना वासियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह पुरस्कार सतना के हर नागरिक की जागरूकता, सहयोग और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नगर निगम के प्रयासों को यदि राज्य स्तर पर मान्यता मिली है,तो इसका श्रेय हम सभी नागरिकों को जाता है।उन्होंने आगे कहा,नगर निगम भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा और ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने सतना नगर के प्रत्येक जागरूक नागरिक को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# सिटी और कोलगवां कोतवाली पुलिस ने पकड़ी लाखों की कफ सिरप, तीन गिरफ्तार




**सतना।** सिटी कोतवाली और कोलगवां पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरप के साथ तीन आरोपीयों को किया गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निखिल राजवानी पिता संजय राजवानी उम्र 25 वर्ष निवासी धवारी गली नंबर 01 वीरेन्द्र सिंह परमार का किराए के मकान में रहता है आरोपी के कब्जे से एक नग आईफोन कीमती 30000,11 शीशी नशीली कफ सीरप की 2145 एक नग एक्टिवा स्कूटी कीमती 80000 जब्त की गई है। इसी प्रकार कोलगवां कोतवाली पुलिस ने अबैध नशीली कफ सीरप क साथ आरोपयों को गिरफ्तार किया है जिनके नाम संचिन साकेत पिता जीवन लाल साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी मैनपुरा थाना कोटर हाल बाईपास उतैली डीपीएस स्कूल के पास और एक 17 साल का नाबालिकआरोपी है। आरोपियों के कब्जे से 810 शीशी प्रतिबंधित आनरेक्स सीरप की 162000 बालेनो कार **MP**19**CB** 8528 की 500000,मोटर सायकल **MP**09 **VZ** 8558 कीमती 50000 रुपये दो नग एंड्राइड मोबाइल कीमती 20000 कुल कीमती- 732000 जप्त की गई है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और वन विभाग के कर्मचारियों को एनडीआरएफ टीम ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**सतना।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 वी वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के दिशा-निर्देशन में 3 जून को 11 वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा नगर पालिका भवन मैहर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत आंगनबाडी एवं वन विभाग के कर्मचारियों को आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने भूकम्प से बचाव,सडक सुरक्षा,बांढ़ में बचाव के तरीके,बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें,सीपीआर देने की विधि,गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके,शारीरिक चोटों में रक्तस्त्राव को रोकने के तरीके एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार,तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना,लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके,जल संरक्षण तकनीकें,अग्निशामक यंत्र का उपयोग,गरजना/बिजली चमकना,दामिनी ऐप, मौसम ऐप,भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देकर जागरूकता प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों ने एनडीआरएफ के प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद बताया। इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए और आपदा में राहत-बचाव की तकनीकों की बारीकियों को जाना।



# मां की प्रेरणा से धर्मराज सिंह ने भगवान भोले नाथ का मंदिर तालाब के मध्य में पुल निर्माण करवाकर बनवाया

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

माता-पिता के संस्कारों से जहां संतान की दिशा तय होती है धर्म के क्षेत्र में मंदिर निर्माण करवाकर भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ही साक्षी बनी वहीं गंगा के रूप में तालाब के मध्य में स्थापित मंदिर साथ ही मंदिर का मार्ग पुल निर्माण करवाकर प्रशस्त्र किया, धर्मराज सिंह उर्फ छोटू राजा जो जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के छोटे भाई है पूर्व में सरपंच रह चुके सबसे बड़ी बात तो यह है कि जहां धर्म की राह में धर्मराज ने लोगों को भगवान भोलेनाथ के दर्शन का मार्ग निर्माण मध्य तालाब में पुल निर्माण व मंदिर निर्माण करके लोगों के लिये सदैव कल्याण की दिशा दी है जो सदैव आने वाले समय में धर्मराज सिंह का यह कार्ययादगार के रूप में साक्षी रहेगा। बिरले लोग ऐसे महान होते जो स्वयं से धर्म के क्षेत्र में जगत कल्याण के लिये धर्म की दिशा तय करते है। जिनमें धर्मराज सिंह जी का जैसा नाम वैसे ही कार्य की महानता आई सामने पुलि निर्माण करके भगवान भोलेनाथ मंदिर बनवाया मूर्ति स्थापना के बाद विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। जिसमें जनसैलाब के रूप में लोगों ने दर्शन लाभ लेकर स्वयं के जीवन की दिशा को लेकर धर्म की दिशा जो पाताल से लेकर आकाश तक जानी जाती है वहीं समूचे क्षेत्र में आज धर्म की ध्वजा धर्मराज जी ने मंदिर निर्माण पुल निर्माण तथा एतिहासिक कार्य जो भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा के साथ लोगों के लिये जगत कल्याण धर्म की दिशा तय करने के लिये मार्ग प्रसस्त्र किया।



पन्ना। जिले के सिमरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लुधनी में धर्मराज सिंह ने एक अदभुत धर्म की दिशा में वर्तमान समय में तालाब के अंदर पुल निर्माण करते हुये मध्य तालाब में भव्य मंदिर भगवान भोलेनाथ का बनवाया। वहीं नरवदेश्वर के रूप में प्राण प्रतिष्ठा विधिवत हवन पूजन प्रकांड पंडितों के द्वारा मूर्ति स्थापना करवाकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये धर्म की दिशा समाज के लिये जो दी है धर्म की राह में चलने वालों के लिये यह भगवान भोलेनाथ का मंदिर जो सदैव दर्शन लाभ से जहां जीवन को संवारने व निखारने तथा आगे बढाने में कल्याण की दिशा तय करेगा। साथ ही पन्ना जिले में सिमरिया तहसील के लुधनी गांव में जहां यह मंदिर तालाब के मध्य में जो बना मंदिर तब पहुंचने के लिये पुल का निर्माण भी कराया गया। मंदिर की भव्यता व सुंदरता देखते ही बनती है। वहीं धर्मराज सिंह जिनका नाम ही साबित करता है धर्म की स्थापना को लेकर वह कार्य जो आज आपके द्वारा किया गया वह सदैव के लिये साक्षी बना। वहीं आपका कहना मां की प्रेरणा से मंदिर का निर्माण किया। गौरतलब बात यह है कि धर्मराज सिंह जो पूर्व सरपंच है और छोटू राजा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के छोटे भाई है वहीं आज भी ऐसे लोग धर्म के क्षेत्र में जो भावी समय की दिशा के लिये लोगों के कल्याण को लकर कार्य कर रहे है स्वयं का सदैव के लिये कल्याण तो है ही पर समाज के लिये भी धर्म की दिशा का अनुकरण करने के लिये ऐसे कार्य जो अपने आप में महान होते है। वह आज जिले के सिमरिया तहसील के अंतर्गत ग्राम लुधनी में जिनका नाम धर्मराज सिंह है जिन्होंने स्वयं ही आज भगवान भोलेनाथ का मंदिर तालाब के मध्य में बनवाकर वहीं मंदिर तक पहुंचने के लिये तालाब में ही पुल का निर्माण कराया यह धर्म की राह है धर्मराज के द्वारा निर्माण कराई गई है। निश्चित ही ईश्वर की कृपा से ही ये बड़े कार्य संभव होते है जिन्हें भगवान अवसर प्रदान करते है। जो धर्मराज सिंह जी को मिला जिनका नाम पूर्वजों से लेकर तथा आने वाली पीढी के साथ-साथ गांव व क्षेत्र में सदैव जाना जायेगा। वहीं धर्मराज सिंह की जो सोच है मां की प्रेरणा से मंदिर का भव्य निर्माण जो कराया संसार में कहीं न कहीं ऐसे लोग बिरले जाने जाते है।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका पन्ना ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस, जो हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1972 में स्थापित किया गया था और पहली बार 1974 में मनाया गया। यह दिन विश्वभर में सरकारों, संगठनों और नागरिकों को प्रकृति की रक्षा और पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए प्रेरित करता है। इसी क्रम में,नगर पालिका पन्ना एवं साहस संस्था ने एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से आज पन्ना शहर में विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। पहली गतिविधि के तहत बायपास रोड स्थित गौशाला (कचरा प्रबंधन केंद्र के पास) में 250 पौधों का रोपण किया गया एवं स्वच्छता शपथ लिया गया द्य इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे, उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शशिकपूर गड़पाले, अजीत सिंह धुर्वे उपयंत्री,श्री हरिओम नामदेव स्वच्छता निरीक्षक, एसबीआई आरसेटी टीम, पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम, स्थानीय एनजीओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, समुदाय के सदस्य,साहस टीम के सभी सदस्य कृपरियोजना प्रबंधक नरेंद्र कुशवाह, परियोजना समन्वयक अमिताभ मिश्रा, सचिन मालवीय, फील्ड सुपरवाइज़र गुंजन, आकाश, प्रदीप, सत्यराज, नेहा, ज्योति, गीतांजलि एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। दूसरी गतिविधि में वार्ड क्रमांक 3 के दो सौंदर्यीकृत स्थलोंकृकेशरवानी धर्मशाला के पास और आकाश आटा चक्की के पासकृका उद्घाटन किया गया। इन स्थलों को सुंदर और साफ-सुथरा बनाकर शहर को स्वच्छता की दिशा में प्रेरणा दी गई। तीसरी मुख्य गतिविधि के रूप में नगर परिषद टाउनहॉल में एक विशेष स्वच्छता जिंगल का शुभारंभ किया गया। इस जिंगल को श्रीमती मीना पांडे (नगर अध्यक्ष) एवं श्रीमती आशा गुप्ता (नगर उपाध्यक्ष) श्री शशिकपूर गड़पाले (सीएमओ), द्वारा लॉन्च किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना की और स्वच्छता प्रभारी श्री वीरेंद्र चौरसिया को निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड की कचरा संग्रहण वाहनों पर यह जिंगल चलाया जाए। इसके बाद बच्चों द्वारा जिंगल पर आधारित कव्वाली, नृत्य, एवं भाषणों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं सीडलिंग किट देकर सम्मानित किया गया तथा बच्चों को रिसायकल टेट्रा पैक से बने परीक्षा पैड उपहार स्वरूप भेंट किए गए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ, जिसमें 200 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। यह पूर्णतः जीरो वेस्ट पर आधारित था।

## प्रकृति का मत करो शोषण इससे होता हमारा पोषण- बहन जी

### सात्विक जीवन शैली अपनायें: बहन जी



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बहन जी ने पर्यावरण दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि हमारी जीवन शैली सदा ही पर्यावरण मित्र शैली रही जो कि पर्यावरण संरक्षण का कार्य स्वतः करती है, परंतु वर्तमान समय में हम प्रकृति से बहुत दूर चले गए हैं और प्रकृति तथा आध्यात्मिक का समन्वय भी बिगड़ गया है जिसके फल स्वरुप प्रकृति के पांच तत्वों का विध्वंसक रूप भी देखने को मिल रहा है प्रकृति यह संदेश दे रही है कि अब यह जागने का समय है प्रकृति के साथ संबंध जोड़कर उसे देव तुल्य मानने की परंपरा को आधुनिक युग में जीवित रखने की अति आवश्यकता है। आगे आपने कहा है कि हम सभी जानते हैं एक बाहर की प्रकृति और एक मनुष्य के अंदर की प्रकृति होती है हमेशा यह देखा गया कि मनुष्य की आंतरिक प्रकृति का प्रभाव बाहर की प्रकृति पर भी पड़ता है इसलिए आवश्यकता है कि हम आंतरिक प्रकृति को सही करे ताकि हम बाहर की प्रकृति को भी ठीक रख सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम शर्मा जी डीएफओ पन्ना अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने जीवन शैली में कुछ छोटे-छोटे परिवर्तन करके पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं जैसे, मार्केट जाते समय कपड़े के बेग का उपयोग यदि बहुत कम दूरी पर जाना है तो पैदल जाएं कचरे को यथा स्थान पर ही डालें। अंत मे सभी ने प्रकृति को शुद्ध सात्विक बनाने की प्रतिज्ञा की बहन जी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं है लेकिन पेड़ों की बच्चों की तरह संभाल भी करनी है, प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाये, पानी बिजली बचाकर स्वच्छ भारत बनाएंगे भारतीय संस्कृति को बचाएंगे आदि अनेक प्रतिज्ञा की कार्यक्रम में श्रीमती निशा जैन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण किया गया।

# सटोरियों पर की गई प्रभावी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

### पन्ना जिले के ऑनलाइन सट्टा के सरगना सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 9 सटोरियों के विरूद्ध दर्ज किया गया मुकदमा



पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में थाना अजयगढ़ एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त टीम द्वारा प्च्स् मैचों पर अवैध सट्टा संचालित कर रहे संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 02 गिरफ्तार आरोपियो सहित 09 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया किया गया है। इस अभियान में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो प्च्स् सहित विभिन्न क्रिकेट व अन्य मैचों में ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में से एक को प्च्स् सट्टेबाजी का बड़ा सरगना माना जा रहा है। इनके साथ 07 अन्य आरोपियों के विरुद्ध थाना अजयगढ़ मे अपराध क्रमांक 271/25 धारा 112 बी.एन.एस. एवं धारा 4(क) सट्टा अधिनियम मे मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस गिरोह के पास से करीबन 01 करोड़ वर्चुअल कॉइन (01 क्वाइन की कीमत 01 रुपये) ज़ब्त की गई है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सट्टा लगाने में प्रयोग किये जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी विभिन्न ऑनलाइन साइटो जैसे ी मसव7.पद,ू मससमबींदहम.बवउ एवं हवसकमबींदहम.बवउ के माध्यम से पन्ना जिला सहित म.प्र. के विभिन्न जिलो में फैले ग्राहकों को जोड़कर एक सट्टा नेटवर्क चला रहे थे। विवेचना दौरान पुलिस द्वारा उक्त ऑनलाइन सट्टा की साइटो को बनवाने वाले व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की जाकर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

तरीका -ए- वारदात - मामले में पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूँछताछ किये जाने पर सट्टा सरगना आनंद जड़यिा द्वारा बताया गया कि उक्त ऑनलाइन साइटो में मेरी सुपर एजेन्ट की आई. डी. है, जिसके माध्यम से मैनें पन्ना जिले में कई व्यक्तियों की एजेन्ट आई डी बनाई है जिनके द्वारा विभिन्न लोगो की क्लाइंट आई डी बनाकर उक्त ऑनलाइन साइटो के माध्यम से सट्टा खिलाया जाता है। सट्टा खेलने वाले व्यक्तियों से रूपयो का लेन-देन फोनपे नगद एवं अन्य न्च्ंचच/पक के माध्यमों किया जाता है जिसके एवज में मेरे द्वारा उक्त व्यक्तियों को वर्चुअल क्वाइन उपलब्ध कराये गये हैं । कुछ व्यक्तियों से मेरा पैसो के लेन-देन का हिसाब महीने में किया जाता है। पुलिस टीम द्वारा सट्टा सरगना आनंद जड़यिा के बैंक खातो को खंगाले जाने पर बैंक खातो में पिछले 02 महीनो में करीब 61 लाख रूपये का

लेन देन होना पाया गया।

### गिरफ्तार आरोपी-

1. आनंद जड़यिा पिता राजेन्द्र कुमार जड़यिा उम्र 29 साल निवासी बड़ा बाजार पन्ना। 2. रविकरण पिता रामस्वरूप पटेल उम्र 33 साल निवासी रैकरा सिमरिया।

फरार आरोपी-

1. मनोज शर्मा/सहेली निवासी धाम मोहल्ला पन्ना।

2. टिक्कू परमार निवाली आगरा मोहल्ला पन्ना।

3. हीरा उर्फ शहशरांसू गुप्ता निवासी बराछ पन्ना।

4. इमरान खान निवासी रानीगंज पन्ना।

5. अंकित साहू निवासी आगरा मोहल्ला पन्ना। 6. साकिर अली निवसी पहाड़कोठी पन्ना। मामले में गिरफ्तार एवं फरार आरोपियों में से कुछ आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में भी ऑनलाइन सट्टा के अपराध दर्ज हुये हैं। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी बीरा उनि. रवि सिंह जादौन, प्र.आर. आइमात सेन, आर. अमित द्वेदी, हेतराम एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम को नगद इनाम से पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम को बधाई देते हुए कहा गया कि पन्ना पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यह ऑपरेशन युवाओं को जुए-सट्टे जैसी बुराइयों से बचाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। इस प्रकार की कार्यवाहियों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# पन्ना को आबाद करने वाली सफलतम रानी बाघिन टी-2 नहीं रही

## सर्वाधिक शावकों को जन्म देकर पन्ना को पहुँचाया शून्य से शिखर तक





### पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघिन टी-2 की चार पीढ़ियां कर रही हैं विचरण

पन्ना।

मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व को आबाद करने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली पन्ना की सफलतम रानी बाघिन टी-2 नहीं रही। इस बाघिन ने अपने जीवन काल में 21 शावकों को जन्म दिया है। मौजूदा समय पन्ना टाइगर रिजर्व में इस बाघिन की चार पीढ़ियां बाघों के कुनबे को विस्तार दे रही हैं। खुले जंगल में अपना पूरा जीवन जीने वाली पन्ना की इस सफलतम रानी के बिछड़ने पर जिस तरह औपचारिकता निभाते हुए उसे अंतिम विदाई दी गई, उससे वन्य जीव प्रेमी दुखी और आहत हैं। मालुम हो कि पन्ना बाघ पुनर्स्थापना में इस बाघिन का शानदार योगदान रहा है, जिसे देखते हुए इस बाघिन की विदाई पेंच टाइगर रिज़र्व की कॉलर वाली बाघिन ष्सुपर मॉमष् की तर्ज पर होनी चाहिए थी। उल्लेखनीय है कि विगत 29 मई को उत्तर वन मंडल पन्ना के देवेंद्रनगर वन परिक्षेत्र में एक बाघिन का शव मिला था, जिसकी उम्र लगभग 9-10 साल बताई गई थी। इस बाघिन की उस समय कोई पहचान नहीं बताई गई, जबकि पन्ना टाइगर रिज़र्व की प्रत्येक बाघिन का विधिवत रिकॉर्ड संधारित है। ऐसी स्थिति में मृत बाघिन की पहचान सुगमता से की जा सकती थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाघिन के शव को सामान्य तरीके से जला दिया गया। जबकि अपना पूरा जीवन रॉयल अंदाज में जीने वाली पन्ना की इस सफलतम बाघिन की पहचान की जाकर उसकी विदाई भी पूरे सम्मान के साथ की जानी चाहिए थी। ताकि लोग इस बाघिन के शानदार योगदान से वाकिफ़ हो पाते, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तक़रीबन 19 वर्ष की यह बाघिन पन्ना टाइगर रिज़र्व की शान रही है, लेकिन उसकी उसकी विदाई गुपचुप तरीके से कर दी गई। पन्ना टाइगर रिज़र्व के लिए यह एक अच्छा अवसर था जब इस बाघिन के योगदान को बताया जाता, जिससे लोग वाकिफ़ हो पाते कि पेंच टाइगर रिज़र्व की तरह पन्ना में भी एक ष्सुपर मॉमष बाघिन थी, जिसने पन्ना को शून्य से शिखर तक पहुँचाने में सबसे अहम भूमिका निभाई है। पन्ना टाइगर रिजर्व जिसे वर्ष 2009 में बाघ विहीन घोषित किया गया था, वहां टी-2 इकलौती बाघिन है जिसने पन्ना के बाघों की मूल नस्ल को बचाने में कामयाब हुई है। इसलिए यह बाघिन पन्ना टाइगर रिजर्व के लिए खास महत्व रखती है। पन्ना टाइगर रिजर्व को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में भी इस बाघिन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यही वजह है कि इस बाघिन को पन्ना की सफलतम रानी कहा जाता है। बाघ पुनर्स्थापना योजना के तहत वायु सेना के हेलीकॉप्टर से इस बाघिन को 9 मार्च 2009 में कान्हा से पन्ना लाया गया था। पन्ना में कामयाबी का झंडा फहराने वाली इस बाघिन ने यहां अन्य दूसरी ब्रीडिंग बाघिनों की तुलना में सर्वाधिक शावकों को जन्म दिया है। पेंच के नर बाघ टी-3 को फादर ऑफ़ दि पन्ना टाइगर रिजर्व का ख़िताब दिया गया था, इस लिहाज से पन्ना की सफलतम रानी बाघिन टी-2 को यदि ष्मदर ऑफ़ दि पन्ना टाइगर रिजर्वष् कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। बाघिन टी-2 ने अपने 7 लिटर में 21 शावकों को जन्म दिया है, यह संख्या पन्ना टाइगर रिजर्व की ब्रीडिंग बाघिनों में सर्वाधिक है। टी-2 ने पहली बार अक्टूबर 2010 में चार शावकों को जन्म दिया था, जिनमें दो नर व दो मादा शावक थे। इस बाघिन ने अपने सातवें लिटर जुलाई 19 में तीन शावकों को जन्म दिया, जिसमें एक नर व दो मादा हैं। बाघिन टी-2 के मादा शावक भी बड़े होकर वंश वृद्धि कर रहे हैं। जिनमें पी-213, पी-222, पी-234, पी-234 (23) तथा पी-213(32) ने कई शावकों को जन्म दिया है।

पन्ना टाइगर रिजर्व के अलावा इस बाघिन की वंश बेल सतना जिले के चित्रकूट, सतपुरा टाइगर रिजर्व व संजय टाइगर रिजर्व तक फैली है। वर्ष 2016 में पन्ना टाइगर रिजर्व से निकलकर चित्रकूट के जंगल को अपना नया आशियाना बनाने वाली बाघिन पी-213(22) ने वहां अब तक 11 से अधिक शावकों को जन्म दे चुकी है। इस तरह से यदि बाघिन टी-2 के पूरे कुनबे को जोड़ा जाए तो यह आंकड़ा 80 के पार जा पहुंचता है। इस आंकड़े से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इकलौती एक बाघिन टी-2 ने बाघों की वंश वृद्धि में कितना अहम और महत्वपूर्ण रोल निभाया है। पन्ना को अलविदा कर चुकी 19 वर्ष की बाघिन टी-2 की चार पीढ़ियां पन्ना टाइगर रिजर्व की शोभा बढ़ा रही हैं।





## बनहरीखुर्द में सामुदायिक सहभागिता से तैयार किया जा रहा जैव विविधता पार्क

# जैव विविधता पार्क में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

### एक पेड़ जिन्दगी के नाम, 25 पौधा रोपे पार्क में हुए 80 पौधे




**पन्ना।** ग्राम बनहरीखुर्द पंचायत हनुमतपुर,अजयगढ़ में गतवर्ष 60 पौधे लगाये गये थे,श्रीमती मीनाराजे परमार के करकमलो से पौध रोपकर रक्षा सूत्र बांधे गये एवं आज पौधे जीवित है। आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुनारू25 पौधे रोपित किये गये। यह सब सामुदाय के निर्णय एवं भागीदारी से तय किया गया। गांव समाज की वैठक की गई ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के साथ वैठक की सब की भागीदारी से निर्णय लिया एवं स्थान का चयन किया गया। स्थान जल संसाधन विभाग ने लीज पर दिया एवं सामुदाय ने उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली एवं समर्थन संस्था ने पौधा एवं तकनीकी सहयोग की जिम्मेदारी ली। 56 पौधे जीवित एवं सभी स्वास्थ्य है। पोधे लगभग 3 से 4 फिट के हो गये है। गांव के लोगो ने वाड़ी लगाने, तार के लिये पंचायत ने सहयोग किया, पौधा लगाने में सामुदाय का एककृएक नागरिक सहयोग किये है। गांव के हुकुमसिंह, सज्जी प्रसाद, चिरोजीजाल, मलखान सिंह, त्रिलोक सिंह, कमल सिंह, निर्भय सिंह, रमेंश सिंह, मईयादीन, केशरानी, दशोदावाई, सरपंच भन्नू वाई,इन्द्रपाल शिवहरे, लखन शिवहरे, भारत सिंह, लोकेन्द्र सिंह,पंचायत मित्र प्रभा सिंह एवं समर्थन टीम से फरीदा बी, विकास, दीपक, ज्ञानेन्द्र तिवारी, मीत पटेल,हरेनद्र सिंह, स्वापनिल सिंह, सिखा मिश्रा, पंचायत मित्र राधा लोध, आरती सिंह, धनराज, बाबूलाल, दिनेश ,रोशनी अहिरवार एवं गांव के सभी महिला पुरूष ने पौध रोपण एवं रक्षा सूत्र का फर्ज निभाया है। सरजू प्रसाद पौध मित्र बने कृ गांव के लगभग 65 वर्षीय सरजू प्रसाद ने पोधो की रक्षा का संकल्प लिया। वे नियमित देख रेख कर स्वयं कुआ खोद कर गर्मी में पानी से पौधो को सीचा आज सभी पौधे जिन्दा है। सरजू दादा ने अपने जीवन काल में कई पौधे लगा चुके है। उनका कहना है की हम इस पार्क को तैयार करके ही मानेगे। पौध मित्र का सम्मान कृ ग्राम पंचायत एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति ने सरजू प्रसाद का सम्मान शाल एवं श्रीफल देकर किया एवं पौधा की रक्षा करने पर बधाई दिया एवं सामुदाय ने भी सहयोग करने की वात कही। सामुदाय की तरफ से सरपंच भन्नूबाई को शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

# जिला सहकारी बैंक की ऋण वसूली व वितरण को लेकर बैंक महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

छतरपुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के काला तीत ऋण एवं चालू ऋणों की बसूली और वितरण के संबंध में समीक्षा करने के लिए जिले भर के सभी शाखा प्रबंधकों की बैठक गुरूवार को जिला मुख्यालय छतरपुर में आयोजित की गई। जिसमें बैंक महाप्रबधक एसके कनोजिया ने ऋण बसूली एवं ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए बसूली में लापरवाही बरतने बाले शाखा प्रबधकों को जहां जमकर लताड़ा, बही पूरे जिले में तेज और अच्छी बसूली करने बाले गौरिहार के शाखा प्रबंधक जगन्नाथ राजपूत की सराहना करते हुए पीठ थपथपाई, और अन्य शाखा प्रबंधकों को हिदायत दी की अच्छी बसूली के गुण और टिप्स गौरिहार के शाखा प्रबंधक गौरिहार श्री राजपूत से सीखें। इस बैठक में 1 अप्रैल 2025 से 3 जून 2025 तक खरीफ ऋण वितरण के लक्ष्य एवं उसके विरूद्व किए गए वितरण की समीक्षा की गई। साथ ही प्रतिमाह शाखा अकृषि ऋण वितरण एवं प्रतिमाह प्रति समिति कृषि गतिविध हेतु टर्म लोन प्रकरण की समीक्षा की गई। अप्रैल एवं मई 2025 में नवीन केसीसी वितरण के लक्ष्य एवं उसके विरूद्व पूर्ति की समीक्षा की गई। सयुक्त पंजीयक डॉ. शिवेन्द्रदेव पाण्डेय ने भी इस समीक्षा बैठक में ऋण बसूली में तेजी लाने के लिए मौजूद शाखा प्रबंधकों को कुछ टिप्स दिए।




### जिले की लगभग 600 करोड़ की बसूली का है लक्ष्य, हुई है अभी लगभग 34 प्रतिशत वसूली -

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर के अंतर्गत जिले भर में संचालित सहकारी बैंक की शाखाओं को लगभग 600 करोड़ रूपए की ऋण की बसूली का लक्ष्य 30 जून तक करना है, लेकिन आज दिनांक तक 35 से 40 प्रतिशत तक ही बसूली हो सकी है। इन सभी शाखाओं में से सबसे अधिक 101 करोड़ का लक्ष्य घुवारा ब्राच का था, जिसमें अभी तक मात्र 28 प्रतिशत की बसूली हुई है। घुवारा ब्रांच की बसूली में तेज गति लाने के लिए महाप्रबंधक ने 3 कर्मचारियों की समिति बनाई है। जिसमें आरबी पटेरिया, प्रमोद तिवारी, और देवेन्द्र सिंह सोलकी का नाम बताया है।

### गौरिहार शाखा की ऋण वसूली जिले में सबसे तेज और लक्ष्य के करीब -

30 जून 2025 तक निर्धारित किए गए ऋण बसूली के लक्ष्य के अनुरूप सहकारी बैंक शाखा गौरिहार के ब्रांच मैनेजर जगन्नाथ राजपूत ने अन्य ब्रांचों की अपेक्षा सबसे अधिक अच्छी और तेज बसूली की है। गौरिहार ब्रांच का काला तीत ऋण 6 करोड़ 33 लाख 73 हजार और चालू ऋण 4 करोड़ 3 लाख 29 हजार रूपए की बसूली होना है। उनके द्वारा काला तीत ऋण 36.37 प्रतिशत एवं चालू ऋण 81.79 प्रतिशत 3 जून 2025 की स्थिति में बसूली की गई है। इस तरह 63.43 प्रतिशत बसूली गौरिहार ब्रांच की हुई। गुरूवार को जब पूरे जिले के शाखा प्रबधकों की बैठक में ऋण बसूली एवं ऋण वितरण की समीक्षा महाप्रबंधक एसके कनोजिया द्वारा की जा रही थी, तब गौरिहार ब्रांच की बसूली के आकड़े देखकर महाप्रबंधक कनोजिया भी शाखा प्रबंधक राजपूत की सराहना करने लगे और कहा कि अन्य शाखा प्रबंधकों को उनकी कार्यशैली से सीख लेनी चाहिए। आपको बता दें कि गौरिहार के शाखा प्रबंधक जगन्नाथ राजपूत घुवारा के रहने बाले और अपने गृह निवास से करीब 180 किलोमीटर दूर गौरिहार में पदस्थ रहने के बाबजूद भी बैंक के कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर रहें है। यहीं कारण है कि समीक्षा बैठक में सभी शाखा प्रबंधकों के सामने महाप्रबंधक ने उनकी कार्यशैली की सराहना की। शाखा प्रबंधक जगन्नाथ राजपूत पर कभी किसी प्रकार के गबन और घोटाले के आरोप नही लगे है। जबकि सहकारिता का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है कि कहीं न कहीं आरोप प्रत्यारोप जरूर लगते है, लेकिन जगन्नाथ राजपूत ने ऐसा करके दिखाया है कि सहकारिता के क्षेत्र में उनकी साफ स्वच्छ छबि बाले शाखा प्रबंधक के रूप में बनी है। बक्सवाहा, बड़ामलहरा और घुवारा जैसी शाखाओं की बसूली एक तरफ और पूरे जिले की शाखाओं की बसूली एक तरफ है, जबकि जगन्नाथ राजपूत जैसे और भी शाखा प्रबंधक योग्य व वरिष्ठ है, लेकिन उनकी पोस्टिग इसलिए नहीं की जाती है, क्योंकि अधिकारियों को इस बात का डर रहता है कि कहीं उनके भ्रष्टाचार का पुलिंदा ऐसे ईमानदार अधिकारी खोलकर सार्वजनिक न कर दें। जिससे योग्य व्यक्तियों को बैंक में बाबू बनाया जाता है, और लिपिक/कंप्यूटर ऑपरेटर को शाखा प्रबंधक का चार्ज दिया जाता है। और काफी समय से जिला सहकारी बैंक में यही चल रहा है।



### 30 जून तक वसूली का लक्ष्य पूरा न होने पर शाखा प्रबंधकों की बेतनबृद्वि रोकने के अलावा भी अन्य विभागीय कार्यवाहियां भी हो सकती -

समीक्षा बैठक में बैंक महाप्रबंधक एसके कनोजिया ने बक्सवाहा, महाराजपुर, बमीठा, और गौरिहार ब्रांच को छोड़कर शेष शाखाओं के शाखा प्रबंधकों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए बारी-बारी से उनकी क्लास ली। और निर्देश भी दिए कि यदि 30 जून तक लक्ष्य के अनुरूप बसूली नहीं होती है तो ऐसे शाखा प्रबंधकों की बेतनबृद्वि रोकी जाएगाी और अन्य कार्यवाही भी की जाएगी। बैंक महाप्रबंधक के इस निर्देश के बाद लापरवाह शाखा प्रबंधकों के चेहरों में हवाईयां उड़ी देखी गई कि वह कैसे 30 जून तक ऋण बसूली के लक्ष्य को पूरा कर पाते है। इस बैठक में सयुक्त पंजीयक डॉ. शिवेन्द्रदेव पाण्डेय, बैंक महाप्रबंधक एसके कनोजिया, प्रशासक करूणेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

# तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवारों को रौंदा, 1 युवक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा

छतरपुर

जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के डुमरा तिराहे के समीप बीती रात ग्रेनाइट पत्थर से लदे तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया, जिससे एक की मौके पर और दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा इतना वीभत्स था कि एक मृतक का शव दो हिस्सों में बंट गया, घटना स्थल पर शव के दो हिस्से करीब 500 मीटर के अंतराल पर पड़े मिले। उक्त घटना से गुस्साए परिजनों ने चक्का जाम कर दिया, जिसे पुलिस की समझाइश के बाद खोला गया।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के डुमरा तिराहे के पास बुधवार की रात को हुए इस हादसे में बगमऊ गांव निवासी अजुद्दी अहिरवार 42 वर्ष और कालीचरण अहिरवार एक बाइक पर सवार होकर महाराजपुर में एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान कटहरा गांव की निजी ग्रेनाइट खदान से पत्थर लादकर आ रहे तेज रफ्तार ट्राले ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि अजुद्दी अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, और उसका शव दो हिस्सों में बंट गया। शव का एक हिस्सा घटनास्थल पर पड़ा रहा, जबकि दूसरा हिस्सा ट्राले के बीच के पहिए में फंसकर 500 मीटर तक ?घिसटता गया। वहीं दूसरा बाइक सवार कालीचरण अहिरवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहां ट्राला चालक मौके से फरार हो गया था।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। गुस्साए परिजनों ने नायरा पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर एसडीओपी नवीन दुबे के नेतृत्व में महाराजपुर, सिविल लाइन और अन्य थानों की पुलिस पहुंची। एसडीओपी ने परिजनों को समझाइश दी और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। लगभग दो घंटे बाद चक्का जाम खोला गया।

# शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने की सौहार्द्रपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील




छतरपुर/बकस्वाहा।

आगामी ईद त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए बकस्वाहा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि ईद के त्यौहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। थाना प्रभारी ने कहा, त्यौहार के दौरान अफवाहों से बचें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या अवैध हथियारों के साथ किसी व्यक्ति को देखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# कोरोना की आहट से सतर्क हुआ जिला प्रशासन




**छतरपुर**। मध्यप्रदेश में कोरोना की नई लहर की आहट के बीच छतरपुर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। देश और प्रदेश में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने अस्पतालों में कोविड वार्ड, ऑक्सीजन सुविधा और आरटी-पीसीआर जांच की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली हैं। मॉक ड्रिल के साथ ऑक्सीजन प्लांट की कार्यक्षमता भी जांच ली गई है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भी जिला अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए थे।

### स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि छतरपुर कलेक्टर के निर्देश पर जिला अस्पताल में कोविड के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आईसीयू वार्ड में 15 बेड, 12 बेड वार्ड वार्ड और 18 बेड मेल वार्ड में ऑक्सीजन युक्त इमरजेंसी सुविधा तैयार की गई है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि इस बार आरटी-पीसीआर जांच के लिए मरीजों को सागर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि जिला अस्पताल में ही जांच की व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके लिए लैब टेक्नीशियनों को प्रशिक्षण दिया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में दो ऑक्सीजन प्लांट, एक 1000 लीटर तथा दूसरा 850 लीटर क्षमता का और एक एलएमओ प्लांट सुचारू रूप से कार्यरत हैं। मॉक ड्रिल के दौरान इनकी कार्यक्षमता की जांच की गई, और ऑक्सीजन की कमी की स्थिति नहीं होगी। दवाइयों सहित सभी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। जिले में 200 बेड की कुल व्यवस्था की गई है, और सितंबर तक नया अस्पताल भवन शुरू होने की उम्मीद है। डॉ. गुप्ता ने जनता से अपील की कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क का उपयोग करें और सर्दी, जुकाम या खांसी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल में डॉक्टर से सलाह लें। उन्होंने बताया कि अभी तक छतरपुर जिले में कोई कोविड केस नहीं मिला है, लेकिन प्रशासन किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। लक्षण वाले मरीजों की तत्काल जांच और शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार उपचार की व्यवस्था है।

# एनसीएल ने सीएसआर के तहत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संचालन व प्रबंधन हेतु किया एमओयू



**सिंगरौली**। सोनभद्र जिलों में दिव्यांगजनों को मिलेगा कृत्रिम अंग एवं उपकरणों का उपहार सिंगरौली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने गत बुधवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) सिंगरौली के संचालन एवं प्रबंधन हेतु सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंगरौली, मध्य प्रदेश के साथ एमओयू किया।

इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल द्वारा सिंगरौली एवं सोनभद्र जिलों में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वॉकर, स्मार्ट केन, ब्रेल किट जैसी सहायक व पुनर्वासात्मक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सिंगरौली को 2.97 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा।

इस दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री राजीव रंजन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंगरौली, मध्य प्रदेश की ओर से उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंगरौली, श्री अनुराग मोदी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर, सिंगरौली श्री चंद्रशेखर शुक्ल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिंगरौली श्री गजेन्द्र सिंह नागेश एवं एनसीएल से अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में विकास एवं कल्याण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एंव गतिविधियों का आयोजन करती रही है। एनसीएल ने वर्ष 2022 से लगातार तक ज़िला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र को सहयोग प्रदान कर रही है व सिंगरौली परिक्षेत्र के दिव्यंगों को सीधे लाभ पहुंचा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने किया पौधारोपण

## फ्रूट फॉरेस्ट देरी रोड सहित पं. देशराज पटेरिया पार्क में हुआ पौधरोपण

**छतरपुर**। गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर शहर के हनुमान टोरिया के पीछे स्थित पं.देशराज पटेरिया पार्क एवं देरी रोड स्थित फ्रूट फोरेस्ट में पौधारोपण किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, एसडीएम अखिल राठौर, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित समूह की महिलाएं एवं अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया।





देरी रोड स्थित खनिज विभाग द्वारा निर्मित फ्रूट फोरेस्ट में कलेक्टर श्री जैसवाल ने अधिकारियों के साथ आम और जामुन पौधे लगाए। इस दौरान एसडीएम अखिल राठौर, पीओ डूडा साजिदा कुरैशी, खनिज अधिकारी अमित मिश्रा, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। पौधारोपण के पश्चात कलेक्टर ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देरी रोड स्थित फ्रूट फॉरेस्ट को खनिज विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने इस फ्रूट फोरेस्ट के पेड़-पौधों के रखरखाव के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। और उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए फूड प्रोसेसिंग के प्लांट भी विकसित कराएंगे, जिससे उनकी उत्तर जीविता एवं पौधों की उत्तर जीविता बढ़े। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के कार्य सभी विकासखंड एवं नगरपालिका में किए जा रहे हैं। और बताया कि जिले में वर्तमान में 300 से अधिक फ्रूट फॉरेस्ट लगाने का लक्ष्य है, जोकि मानसून में लगाए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान में भी नगर पालिका क्षेत्र में अर्बन फॉरेस्ट के तर्ज पर भी प्लान विकसित किया गया है, जिससे सभी नगर पालिका में 5 हजार से ज्यादा पौधे लगाकर अर्बन फॉरेस्ट विकसित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनको फॉरेस्ट के मेंटिनेंस एवं प्रोडक्ट को प्रोसेसिंग के ऊपर प्रशिक्षण दिए जाएंगे और उनको प्रोसेसिंग प्लांट्स दिए जाएंगे जिससे उनकी आजीविका का माध्यम बने। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग पौधरोपण करे और उनके सरंक्षण पर भी विशेष ध्यान दे।

### पहले थी बंजर जमीन अब बना फल उद्यान

जिला प्रशासन छतरपुर की पर्यावरण संरक्षण की मुहीम रंग ला रही है और छतरपुर हरे भरे पर्यावरण और शुद्ध वातावरण का प्रतीक बन रहा है। इस प्रेरणा से लोगों भी अपनी निजी भूमि पर पौध रोपण कर रहे है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में छतरपुर शहर के देरी रोड स्थित फ्रूट फॉरेस्ट, बारीगढ़ के मुड़ेहरा, प्रकाश बम्होरी, खोंप फ्रूट का संरक्षण किया जा रहा है। साथ ही बड़ामलहरा, धरमपुरा और पड़रिया सहित अन्य स्थानों पर भी फ्रूट फॉरेस्ट फलों से गुलजार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बुंदेलखंड की जलवायु को ध्यान में रखते हुए फुट फॉरेस्ट का प्रशासन द्वारा निर्माण कराया गया है। फूट फॉरेस्ट में रोपे गए पौधों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए जापान की मियावाकी पद्धति का प्रयोग किया गया है। इसके चलते शहर के देरी रोड और खौप फ्रूट फॉरेस्ट में दो साल के अंदर अमरूद, नींबू के पौधे फलदार हो गए हैं। इतना ही नहीं कलेक्टर ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोडऩे के लिए लिए खौप का फ्रूट फॉरेस्ट स्व सहायता समूह को सौंपा है। फ्रूट फॉरेस्ट के फलों की बिक्री कर स्व सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बनने लगी हैं। ग्राम दो वर्ष पूर्व ग्राम खोप में 5 एकड़ शासकीय बंजर जमीन को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया था। जहां लगाए गए फ्रूट फॉरेस्ट से फलों को बेंचकर 10 सदस्यीय हरि बगिया स्व सहायता समूह की महिलाओं की आय भी बढ़ी है। समूह के द्वारा ही पेड़ पौधों की देखरेख की जाती है। महिलाओं द्वारा इसमें सब्जियों का भी उत्पादन किया जाता है। समूह की महिलाओं के कार्य एवं अदम्य साहस की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात में कर चुके है। इसके अलावा छतरपुर शहर के देरी रोड पर भी लगभग 11 एकड़ जमीन को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराकर फ्रूट फॉरेस्ट लगाया गया था। जो आज कई किस्मों के फलों से गुलजार हो रहा है। बड़ी संख्या में पौधरोपण होने से जमीन में जल को बढऩे में मदद मिल रही है।



### पर्यटन नगरी के आयुर्ग्राम में लगाए गए पौधे -

खजुराहो के आयुर्ग्राम हकीमपुरा में पर्यावरण प्रेमी पंडित सुधीर शर्मा, मतंगेश्वर सेवा समिति, और दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के नेतृत्व में आयुर्वेदिक पौधों और वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में आयुर्ग्राम प्रमुख कृष्णा प्रसाद (केरल), त्यागी जी महाराज, परिवर्तन एनजीओ के राकेश राजोरिया, मीना अनुरागी, सपना शुक्ला, बुंदेलखंड निधि बैंक के विजय रजक, मजदूर संघ के वीरेंद्र सिगोत और ग्रामीण शामिल रहे। विगत 18 वर्षों से खजुराहो में होटल एसोसिएशन के अविनाश तिवारी, ग्रीन आर्मी के देवेंद्र चतुर्वेदी, पत्रकार संघ के राजीव शुक्ला, सांसद, विधायक अरविंद पटैरिया, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी के सहयोग से जी-20 के दौरान 108 दिन का स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने खजुराहो एयरपोर्ट पर सभी को सम्मानित किया था। आज की कार्यशाला में उपस्थित प्रकृति प्रेमियों ने बरसात के बाद खजुराहो और वागेश्वर धाम में 108 दिन के स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान को पुनः शुरू करने का संकल्प लिया।

# एनसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस - 2025 पर आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

सिंगरौली

**गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया गया।**

इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएमडी बी.साईराम ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री साईराम ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होनें औद्योगिक क्रांति 4.0 की ऑटोमेशन व प्रौद्योगिकी एकीकरण जैसी तकनीकी को पर्यावरण प्रबंधन हेतु आत्मसात करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि ऑटोमेशन के माध्यम से पर्यावरण मानकों से संबन्धित डाटा को ऑनलाइन विश्लेषण कर त्वरित कार्यवाही व भविष्य की कार्य योजना बना सकते हैं। उन्होनें एनसीएल की हरित कोयला प्रेषण को समर्पित फ़र्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं को पर्यावरणीय पहलों में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी.साईराम, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, कंपनी जेसीसी जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे, मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण द्वारा एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पी. एम. प्रसाद के पर्यावरण दिवस पर प्राप्त संदेश का वाचन किया गया। इसअवसर पर महाप्रबन्धक (पर्यावरण) राकेश कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्वों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सीएमडी, एनसीएल, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण जेसीसी सदस्यों एवं अन्य ने मुख्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का कार्यक्रम एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी उत्साहपूर्वक मनाया गया एवं जागरूकता रैली, पौधारोपण, चित्रकला, स्लोगन व निबंध प्रतियोगिताओं जैसे अनेक कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया, जिसमें कर्मियों, स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगो की जन भागीदारी देखी गई।

## इलाज के कराने जा रहे बाइक सवार दंपति को फोर व्हीलर ने मारी टक्कर




**रीवा**। जिले के नेशनल हाईवे-30 पर एक और दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की जान चली गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब दंपत्ति इलाज कराने के लिए बाइक से रीवा की ओर आ रहे थे तभी बेलवा पैकान गांव के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनगवां तहसील के ग्राम ददरी निवासी रामबहोर साहू अपनी पत्नी रामकली साहू को इलाज के लिए बाइक से रीवा ला रहे थे। जैसे ही वे बेलवा पैकान गांव के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रामकली साहू को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामबहोर साहू का इलाज जारी है और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। फरार वाहन और चालक की तलाश में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना ने एक बार फिर से नेशनल हाईवे पर बढ़ते हादसों और यातायात सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है। थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फोरव्हीलर चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था और लापरवाही पूर्वक गाड़ी बलाने के कारण यह हादसा हुआ।बॉक्स तेज रफ्तार बाइक के टक्कर से साइकिल सवार की मौत गोविन्दगढ़ थाना क्षेत्र के नैकिन गांव निवासी मनी प्रसाद कोल उम्र 32 सिरमौर थाना क्षेत्र के नाया गांव में ससुराल आया हुआ था। 1 जून को वह साइकिल से उमरी गया था और लौटते समय तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल मनी को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## केन्द्रीय जेल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन संपन्न



**रीवा**। केन्द्रीय जेल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगभग 50 वृक्ष जैसे बादाम, नीम, आम, जामुन, आंवला, नीबू, अमरूद के साथ-साथ अन्य फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों द्वारा पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में वृक्षों के महत्व पर चर्चा कर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया। बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये शासन की प्रमुख योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत केन्द्रीय जेल परिसर में स्थित जलाशयों की साफ-सफाई एवं जेल के बगीचा क्रमांक 02 में स्थित तलैया का सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। कार्यक्रम में सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक, संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, योगेन्द्र पमारं उप जेल अधीक्षक, श्रीमती पूजा मिश्रा सहायक जेल अधीक्षक, राजीव कुमार तिवारी, स्वदीप सिंह, विवेक मौर्य, सुश्री प्रियंका धाकड़ के साथ-साथ जेल के प्रहरी संवर्ग एवं गौशाला/जेल वगीचा में कार्य करने वाले बंदियों की प्रमुख भूमिका रही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जेल अधीक्षक द्वारा जेल में परिरुद्ध पात्र दण्डित बंदियों को 05 दिवस विशेष परिहार प्रदान किया गया, विशेष परिहार प्राप्त होने पर जेल में परिरुद्ध दण्डित बंदियों द्वारा जेल अधीक्षक का आभार व्यक्त किया गया।

# सोहागी घाटी में अनियंत्रित होकर ट्रक ऑटो पर पलटा सात की मौत, प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे



**रीवा**। जिले के सोहागी घाटी में गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 4 लोगों की जान चली गई। तीन की मौत इलाज के दौरान हो गई है। कुल सात लोगों की मौत की बात कही जा रही है। वहीं, एक व्यक्ति घायल है। यह दुर्घटना NH 30 पर सोहागी थाना क्षेत्र में हुई। एक ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। ऑटो में 8 लोग सवार थे। वे प्रयागराज से गंगा स्नान करके मऊगंज जिले के नईगढ़ी जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, ट्रक NH 30 से गुजर रहा था। तभी वह बेकाबू होकर ऑटो पर पलट गया। ऑटो में सवार सभी लोग इसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी लोग मऊगंज के नईगढ़ी के रहने वाले थे। ट्रक प्रयागराज से रीवा की ओर जा रहा था। कुल सात लोगों की मौत की खबर है,सोहागी घाटी को मौत की घाटी भी कहा जाता है। यहां पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं।बॉक्स एक परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे मृतकमृतकों में 38 वर्षीय हीरालाल जयसवाल, 35 वर्षीय पिंकी जयसवाल, 8 वर्षीय अंविका जयसवाल, 7 वर्षीय मानवी जयसवाल, 6 वर्षीय अरविन्द जयसवाल, 12 वर्षीय सौरभ जयसवाल है, 2 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल है,सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य और रिश्तेदार हैं।बॉक्स दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की मिलेगी सहायतारीवा-प्रयागराज मार्ग सोहागी घाटी में दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में सात व्यक्तियों की दुखद मौत हो गई। दुर्घटना में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दुर्घटना में असमय काल कवलित व्यक्तियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है। मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री जी ने दुर्घटना में मृत 7 व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए तथा 3 घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। यह राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम त्योंथर संजय जैन तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस बल तथा अन्य व्यक्तियों के सहयोग से तत्काल राहत और बचाव कार्य कराया। घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल त्योंथर और गंगेव में भर्ती कराया गया। यह दुर्घटना सोहागी घाटी में अनियंत्रित ट्रक के आटोरिक्शा पर पलटने से हुई। आटोरिक्शा में सवार सभी व्यक्ति आपस में रिश्तेदार हैं।

# यातायात पुलिस ने शहर में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर किया जुर्माना



**रीवा**। शहर में नो पार्किंग वाहनों की समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। जिन लोगों ने अपने वाहन सड़क पर खड़े कर दिए थे उनके व्हील लाक कर दिए गए। करीब बीस वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। शहर में नो-पार्किंग वाहनों की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है। मुख्य बाजार शिल्पी प्लाजा, कला मंदिर, अस्पताल चौराहा सहित अन्य स्थानों में समस्या ज्यादा गंभीर है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने शिल्पी प्लाजा, अस्पताल चौराहा में कार्रवाई की। जो लोग अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर गायब हो गए थे उनके वाहनों पर व्हील लाक किया गया है। करीब 20 वाहनों पर जुर्माना किया गया है। बड़ी संख्या में ठेले सड़क पर घूम रहे थे जिनको हाकर्स कार्नर में भेजा गया है। थाना प्रभारी अनीमा शर्मा ने बताया कि सभी वाहन चालकों को पार्किंग में गाडियां खड़ी करने की समझाईश दी गई है। वहीं ठेलों को भी हाकर्स कार्नर में भिजवाया गया है।

## शासकीय आईटीआई में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**रीवा**। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रीवा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से एक मई से किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित है। इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि आईटीआई में विभिन्न उद्योगों में रोजगार का अवसर देने वाले पाठ्यक्रम संचालित हैं। आईटीआई में 23 ट्रेडों में वर्तमान में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। आवेदन करने के लिए पात्र विद्यार्थी अपने आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, कक्षा 10वीं की अंकसूची तथा पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ावर्ग के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र भी अपलोड करना आवश्यक होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए मोबाइल नम्बर तथा ईमेल आईडी का होना आवश्यक है।

## जिले भर में चलाया जा रहा है स्वस्थ लीवर अभियान, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी के प्रति सचेत रहें - सीएमएचओ

**रीवा**। रीवा और मऊगंज जिले में एक जून से स्वस्थ लीवर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की विशेष पहल से फैटी लीवर के बारे में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत लोगों की निःशुल्क जाँच की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिसीज एक ऐसा विकार है जिसमें लीवर में अतिरिक्त वसा जमा हो जाता है। आमतौर पर शुरूआत में इससे किसी तरह की तकलीफ नहीं होती है तथा शरीर पर किसी तरह के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं लेकिन बाद में पीड़ति को थकान, ऊपरी दाहिने पेट में दर्द और कभी-कभी पीलिया जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। फैटी लीवर आमतौर पर मोटापे, डायबिटीज और बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल जैसे कारणों से जुड़ा होता है। फैटी लीवर होने पर लीवर में सूजन, लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। लीवर सिरोसिस पर ध्यान न देने पर यह लीवर कैंसर में परिवर्तित होकर मृत्यु का कारण बन सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि फैटी लीवर से बचाव के लिए हर व्यक्ति अपने वजन पर नियंत्रण रखे। अधिक वजन वाले व्यक्तियों को इसका अधिक खतरा रहता है। ऐसे डाइट कार्यक्रम से दूर रहें जो लंबे समय तक भूखे रहने की सलाह देते हैं। फैटी लीवर से बचाव के लिए आहार में वसा की मात्रा कम करें। अधिक कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार जैसे चावल, आलू, सफेद ब्रेड का सेवन न करें। ये पदार्थ हमारी आंतों में जल्दी से अवशोषित हो जाते हैं और फैट के रूप में परिवर्तित होकर लीवर पर परत बना लेते हैं। इनके स्थान पर व्यक्ति को अनाज, दालें, नट्स, सेव, संतरा आदि का सेवन करना चाहिए। कार्बोनेटेड पेय पदार्थ और फ्रुक्टोज से भरपूर जूस का सेवन न करें। हर व्यक्ति हर साल लीवर एंजाइम, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जाँच अनिवार्य रूप से कराए। ब्लडप्रेशर अथवा डायबिटीज होने पर इसका समुचित उपचार करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया है कि शराब पीने वालों को भी फैटी लीवर का खतरा बना रहता है। फैटी लीवर का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। लीवर हमारे शरीर के लिए 500 से अधिक कार्य करता है। इसकी भूमिका हमारे लिए हृदय से भी बड़ी है। स्वस्थ लीवर मिशन के तहत रोगियों की निःशुल्क जाँच करके नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर के उपचार के लिए दवाई दी जा रही हैं। साथ ही अभियान के माध्यम से फैटी लीवर के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के लिए डॉ सुनील अवस्थी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। फैटी लीवर रोग से बचाव के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम करना सबसे कारगर होता है

# नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी फरार तलाश में जुटी पुलिस



**रीवा**। तकनीक और संचार के इस दौर में जहां सोशल मीडिया लोगों को जोड़ने का माध्यम बना है, वहीं यह विश्वास के नाम पर धोखा देने का जरिया भी बनता जा रहा है। रीवा जिले से एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक नाबालिग लड़की को पहले सोशल मीडिया पर फंसाया गया, फिर प्यार का झांसा देकर उसे दुष्कर्म का शिकार बनाया गया। मिली जानकारी अनुसार, घटना रीवा के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र की है, जहां एक 17 वर्षीय किशोरी 26 मई को अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने जब बेटी की काफी खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली, तब पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गोविंदगढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल लोकेशन और तकनीकी सहायता से लड़की की खोज शुरू की और आखिरकार उसे सकुशल बरामद कर लिया, लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। बरामदगी के बाद जब किशोरी से पूछताछ की गई तो उसने जो खुलासा किया, उससे पुलिस भी स्तब्ध रह गई। किशोरी ने बताया कि उसका संपर्क कुछ महीनों पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश के कौशांबी निवासी एक युवक योगेश प्रताप सिंह से हुआ था। बातचीत के दौरान युवक ने खुद को अविवाहित और साधारण परिवार से बताकर उसका विश्वास जीत लिया। दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही और जल्द ही युवक ने मिलने का प्रस्ताव रखा,पीड़िता के मुताबिक, आरोपी विशेष रूप से रीवा पहुंचा और एक होटल में ठहरकर लड़की को वहां बुलाया। किशोरी जब उससे मिलने पहुंची तो आरोपी ने वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए। यही नहीं, घटना के बाद आरोपी किशोरी को बहला-फुसलाकर चित्रकूट ले गया, जहां उसने दोबारा उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और फिर मौका देखकर फरार हो गया। पीड़िता को चित्रकूट में अकेले छोड़ दिए जाने के बाद किसी तरह वह वहां से रीवा पहुंची, जहां पुलिस ने उसे दस्तयाब किया। फिलहाल पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और बलात्कार की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। रीवा एडिशनल एसपी आरती सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि किशोरी का बयान दर्ज किया गया है, और पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच जारी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस से भी समन्वय किया जा रहा है।

## एमएलसी और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत ऑनलाइन देना सुनिश्चित करें - एसीएस गृह



**रीवा**। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मेडिको लीगल रिपोर्ट एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन देने की व्यवस्था लागू हो गई है। इससे जुड़े पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी जिलों में 15 अगस्त तक एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट शत-प्रतिशत पोर्टल के माध्यम से देना सुनिश्चित करें। इसके लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दें। समय पर रिपोर्ट प्राप्त होने पर अपराधियों की विवेचना और चालान न्यायालय में प्रस्तुत करने में तेजी आएगी। प्रकरणों में अब डॉक्टरों को न्यायालय में गवाही के लिए उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। डॉक्टर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी गवाही दे सकते हैं। अभी 10 जिलों में जिला अस्पतालों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की व्यवस्था कर दी गई है। शीघ्र ही सभी जिलों में इसकी व्यवस्था कर दी जाएगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पुलिस अधीक्षक जिले के संवेदनशील स्थानों का निर्धारण कर लें। जिले में सायरन स्थापित करने वाले स्थलों की सूची भी विवेकपूर्ण तरीके से बनाएं। शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जनसंख्या का लगभग एक प्रतिशत सिविल डिफेंस वालेंटियर के रूप में पंजीकृत होना है। निर्धारित मापदण्डों के अनुसार इनका चयन करके पोर्टल में जानकारी दर्ज कराएं। इन्हें प्रशिक्षण तथा पहचान पत्र प्रदान करें। कलेक्टर इनकी तैनाती अपने स्तर से करें जिससे किसी भी प्राकृतिक अथवा अन्य आपदा में इनसे समुचित सहयोग लिया जा सके। सभी जिलों में आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम तथा ऑपरेशन सेंटर तत्काल बना दें। अस्पतालों में दुर्घटना और आपदा के समय पीड़तों के उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। वर्षाकाल आने में अब समय नहीं है। जिला और विकासखण्ड स्तर पर आपदा प्रबंधन की बैठकें आयोजित करके राहत और बचाव कार्य के प्रबंधों की समीक्षा कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर, संभागीय कमाण्डेंट होमगार्ड, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## नगर निगम ने चिरहुला में रोड पर किए गए अतिक्रमण को हटाया

**रीवा**। नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत वार्ड 43 के राजस्व ग्राम बदलवार पटवारी हल्का चिरहुला में सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। बुधवार को रामराज तिराहा से ललई पटेल के घर होते हुए केवी साकेत के घर तक सावा मोड़ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। बताया गया कि यह अवैध निर्माण सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहा था। छुटपुट विरोध के बाद नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाकर रास्ता साफ कराया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की निर्माण टीम, अतिक्रमण विरोधी दल व पुलिस बल मौजूद रहा, टीम में कार्यपालन यंत्री एच के त्रिपाठी सहायक यंत्री पी एन शुक्ला, उपयंती सुवर्णा तिवारी सहित अन्य अधिकार कर्मचारी शामिल रहे।

## मलेरिया जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया रवाना



**रीवा**। शासन के निर्देशों के अनुसार एक जून से 30 जून तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया माह मनाया जा रहा है। इस माह में मलेरिया से बचाव के उपायों के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला द्वारा मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानसून से पूर्व मलेरिया से बचाव हेतु आवश्यक तैयारी एवं जन जागरूकता संबंधी गतिविधियां, कार्यशाला आदि का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया से बचाव का संदेश देने के लिए मलेरिया रथ रूट चार्ट अनुसार मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। यह रथ स्लम एरिया, हॉट बाजार तथा ब्लाकों के चिन्हित ग्रामों तक भ्रमण कर मलेरिया से उपचार एवं बचाव के संबंध में जागरूक करेगा। साथ ही रथ में कार्यरत कर्मचारी द्वारा प्रचार प्रसार सामग्री पम्पलेट्स आदि का वितरण कर जनसमुदाय को विस्तृत रूप से समझाश देगा। मलेरिया रथ रीवा शहर के साथ ही रीवा व मऊगंज जिले के 9 विकासखण्डों जवा, त्यौथर, गंगेव, सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान, गोविन्दगढ़, मऊगंज, नईगढी, हनुमना ब्लाको के मलेरिया संवेदनशील तथा पहुंच विहीन ग्रामों का भ्रमण करेगा। ग्रामवासियों को मलेरिया व अन्य वाहक जनित बीमारियों के बारे में बचाव व समझाइश देगा। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव द्वारा जानकारी दी गई कि रीवा जिले में मलेरिया के प्रकरणों में क्रमशः कमी आ रही है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया/डेंगू फैलाने वाले मच्छर रूके हुए साफ पानी में अंडे देते है। इसलिए घर के आस-पास साफ-सफाई रखें तथा कन्टेनरों में पानी 3-5 दिन से ज्यादा जमा न होने दें। कूलर, फ्रिज की ट्रे एवं बर्तनों की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करें। घर के आस-पास अनुपयोगी सामान जिसमें पानी एकत्र हो न रखें। उसका उचित निस्तारण करें। पानी से भरे कण्टेनरो को ढक कर रखें ताकि उसमें मच्छर अण्डे न दे सकें। जिन कण्टेनरों का पानी सप्ताह में खाली न किया जा सके उसमें दो चम्मच खाने का तेल, कैरोसिन या जला हुआ इंजन ऑयल डालें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें। मच्छरों के काटने से बचें।

# मऊगंज जनपद पंचायत में अधिकारियों की खींचातानी में पिस रही बेटी की पढ़ाई

मऊगंज

जनपद पंचायत में इन दिनों विकास की नहीं, बल्कि भारी भ्रष्टाचार और अधिकारियों के खींचातानी की चर्चा जोरों पर है। इसी कड़ी मे एक मामला ग्राम पंचायत सीतापुर से सामने आया है। जिसमे एक बेटी का भविष्य सिर्फ इसलिए अटका पड़ा है क्योंकि 3 माह पूर्व संबल कार्ड के लिए आवेदन करने के बावजूद आज तक उसका

अप्रूवल नहीं हुआ। बेटी का जबलपुर के एक कॉलेज में एडमिशन होना है, जिसकी फीस 24,000रूपये है। यदि संबल कार्ड समय पर अप्रूव हो गया होता, तो यही एडमिशन 10रूपये में हो सकता था।लेकिन जनपद पंचायत के अफसरों के पास समय नहीं होने के कारण 3 माह मे भी संबलकार्ड अप्रूवल नही हो पाया हैपरिवार ने बार-बार जनपद सीईओ रामकुशल मिश्रा से संपर्क किया।

### सीईओ महोदय ने हर बार सिर्फ एक वाक्य दोहराया –

मैं करवा दूंगा, लेकिन वो करवाने की प्रक्रिया आज 3 महीने में भी अधूरी है। लगातार चार दिनों से संपर्क किए जाने के बावजूद सिर्फ आश्वासन



मिल रहा है, समाधान नहीं। इधर जनपद के दो बड़े अफसर आपस में इस तरह उलझे हैं मानो नागिन और नेवले की लड़ाई चल रही हो। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये है कि इस लड़ाई का शिकार वो बेटी बन रही है, जो पढ़ना चाहती है, कुछ बनना चाहती है। उसकी गुहार अब मीडिया के जरिए बाहर आ रही है, क्योंकि सिस्टम तो कानों में तेल डालकर बैठा है। मोहन सरकार के सभी कार्यक्रम मे सर्व प्रथम कन्या पूजा की जाती है लेकिन मऊगंज प्रशासन मे बेटियों को पढ़ाई सिर्फ नारों में देवी बताने तक सीमित रह गया है। जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन लगातार क्षेत्र में दौरे कर रहे हैं, विकास की गति बढ़ाने की बात कर रहे हैं, लेकिन नीचे की अफसरशाही इतनी लचर है कि जमीनी सच्चाई उनकी नीतियों को ठेंगा दिखा रही है। संबल योजना, लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना जैसे बड़े-बड़े वादे ज़मीन पर आते ही दम तोड़ते नजर आते हैं। बेटी की भावनाएं टूट रही हैं, माता-पिता की उम्मीदें दम तोड़ रही हैं, और आम जनता तड़प रही है—क्योंकि मऊगंज के अफसर अपनी खींचातानी में इतने मशगूल हैं कि उन्हें एक बच्ची का भविष्य नहीं दिख रहा। सरकार के सपने इसी तरह अफसरशाही की खींचतान में दम तोड़ रहें है बेटियों को पढ़ाने का दावा अब सिर्फ चुनावी नारों तक सीमित रह गया क्या यदि बेटियों की पढ़ाई का हक छीना जा रहा है, तो वह किसी एक परिवार का नहीं, पूरे समाज का अपमान हो रहा है।

# हनुमना में झोलाछाप डॉक्टरों पर एसडीएम ने की कार्यवाही

### आंगनबाड़ी केंद्रो पर भी निगरानी जारी



**मऊगंज**। जिले के हनुमना तहसील में अवैध रूप से संचालित क्लिनिको के खिलाफ एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी की सख्त कार्रवाई जारी है हर्दी बाजार सहित अन्य स्थानों पर झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ छापेमारी की गई और आवश्यक कानूनी कार्यवाही भी की गई हर्दी में झोलाछाप बंगाली डॉक्टर अपनी क्लीनिक छोड़कर भाग गया जहां उसकी सभी सामग्रियां जप्त की गई।इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रो में स्व सहायता समूह द्वारा समय पर भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध न करने की शिकायततो पर भी एसडीएम ने तत्काल सज्ञान मे लेते हुए संबंधित समूहों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी है आंगनबाड़ी केंद्रो की व्यवस्था पर भी प्रशासन की सख्त निगरानी बनाए हुए है एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी ने कहा कि स्वास्थ्य और बच्चों की पोषण व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं यह इस तरह प्रशासनिक कार्यवाही जारी रहेगी